## एक नजर

### निर्माणाधीन घर से 4 फुट लंबा जहरीला कोबरा रेस्क्यू

**इटारसी।** पलकमति नगर, पुरानी इटारसी में आज उस समय हड़कंप मच गया जब एक निर्माणाधीन मकान में चार फीट लंबा अत्यधिक जहरीला कोबरा (इंडियन ब्लैक कोबरा) प्रजाति का सांप घुस गया। सर्पमित्रों की त्वरित कार्रवाई से मजदूरों और स्थानीय निवासियों ने राहत की सांस ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आज राहुल तिवारी ने वन विभाग को सूचना दी कि उनके घर के बाजू में बन रहे एक मकान की ओर एक सांप रोड पार करते हुए गया है। उन्होंने देखा कि यह सांप निर्माणाधीन घर में रखी सीमेंट की बोरियों के नीचे जाकर छुप गया है, जहां कुछ मजदूर काम कर रहे थे। तत्काल, वन परिक्षेत्र अधिकारी अभिषेक शर्मा के निर्देशन में सर्पमित्रों की एक टीम मौके पर पहुंची। सर्पमित्र अभिजीत यादव, दीपक पवार और हर्ष प्रजापति ने सावधानीपूर्वक रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद, टीम ने लगभग 4 फीट लंबे कोबरा प्रजाति के सांप को सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर लिया। यह सांप अत्यधिक जहरीला (न्यूरोटॉक्सिन) था।

# कॉलोनी मूलभूत सुविधा से वंचित

## जनसुनवाई में मिराज किंग्डम कॉलोनी में रहने वाले नागरिकों ने की शिकायत

नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम/14,अक्टूबर.** मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत श्री हिमांशु जैन ने जनसुनवाई कक्ष में कुल 160 आवेदकों की समस्याओं की सुनवाई कर उनका समाधान किया। सीईओ श्री हिमांशु जैन ने आवेदकों द्वारा प्रस्तुत अवैध अतिक्रमण, आवास, शिक्षा, सीमांकन, राजस्व जैसी अन्य समस्याओं का समाधान किया। जनसुनवाई के दौरान आवेदनकर्ता सुश्री पूर्वी पवार, ग्राम-दौड़ी, इटारसी ने आवेदन देते हुए बताया कि उनकी स्वर्गीय माता श्रीमती कला पवार आंगनवाड़ी में कार्यकर्ता के पद पर नियुक्ति थी। माता की मृत्यु के उपरांत सुश्री पूर्वी पवार ने अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने के संबंध में जनसुनवाई में आवेदन दिया। सीईओ श्री जैन ने महिला एवं



बाल विकास अधिकारी को समस्या का निराकरण शीघ्र सहायता प्रदान करने हेतु निर्देशित किया। एक अन्य मामले में मिराज किंगडम कॉलोनी, नर्मदापुरम के कॉलोनी वासियों द्वारा कॉलोनाइजर के विरुद्ध मूलभूत सुविधाएं प्रदान ना करने के संबंध में जनसुनवाई में आवेदन दिया। मकान तथा सड़को का गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य, विधुत एवं जल प्रदाय सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं के ना होने से कॉलोनी निवासी परेशान हैं। सीईओ श्री जैन ने अनुविभागी अधिकारी नर्मदापुरम को जाँच कर समस्या का शीघ्र निराकरण करने हेतु निर्देशित किया। इसी प्रकार ग्राम-मकोडिया तहसील सिवनी-मालवा निवासी महिलाओं ने आवेदन देते हुए बताएं कि ग्राम से उचित मूल्य की दुकान 8 कि.मी. दूर हैं, जिसके कारण राशन लाने मे बहुत परेशानी होती है। ग्रामवासियों ने उचित मूल्य की राशन दुकान ग्राम में स्थापित करने हेतु जनसुनवाई में आवेदन दिया। सीईओ श्री जैन ने जिला आपूर्ति अधिकारी को समस्या का निराकरण करने निर्देशित किया। इसी प्रकार अन्य मामलों में वृद्धा पेंशन राशि ना मिलने, अत्यधिक विद्युत-बिल आने की समस्या, आवास योजना की राशि न मिलने, भूमि के सीमांकन कराने, मुंग की राशि न मिलने आदि की समस्याओं के आवेदनों पर सुनवाई कर त्वरित निराकरण किया गया। जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर श्री राजीव रंजन पांडे, सिटी मजिस्ट्रेट श्री बिजेंद्र सिंह रावत, संयुक्त कलेक्टर सुनील जैन सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

### आज 3 फीडरों की बिजली सप्लाई रहेगी बंद

**इटारसी।** मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड इटारसी द्वारा जारी सूचना के अनुसार, कल 15 अक्टूबर 2025, दिन बुधवार को सबस्टेशन में आवश्यक मेंटेनेंस (रखरखाव) कार्य के चलते इटारसी के कई क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। ट्रैक्टर स्कीम उपकेंद्र से संचालित होने वाले निम्नलिखित तीन फीडरों की विद्युत सप्लाई प्रभावित रहेगी। 11 केवी पुरानी इटारसी फीडर, 11 केवी कोर्ट फीडर, 11 केवी शिवराजपुरी फीडर, विद्युत कटौती का समय बिजली सप्लाई सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक बंद रहेगी। प्रभावित होने वाले मुख्य क्षेत्र - इस मेंटेनेंस कार्य के कारण सनखेड़ा नाका, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, पिंक सिटी, प्रधान मोहल्ला, पटेल मोहल्ला पुरानी इटारसी, कावड़ मोहल्ला, प्रजापति मोहल्ला, दक्षिण बंगलिया, श्री राम नगर, दीवान कॉलोनी कोर्ट एरिया, 12 बंगला, राठी कॉलोनी, जयप्रकाश नगर, नरेंद्र नगर, पलकमती नगर आदि हैं.

# पुलिस की अवैध शराब के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही



नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 14 अक्टूबर** पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा एस थोटा द्वारा जिला नर्मदापुरम में अवैध शराब विक्रय एवं परिवहन के संबंध में प्राप्त हो रही शिकायतों को दृष्टिगत रखते हुए जिले के समस्त थाना प्रभारियों को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। जिसके परिप्रेक्ष्य में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए पहले मामले में दिनांक 14.10.2025 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि अवैध शराब विक्रय से जुड़ा व्यक्ति नीतेश उर्फ रीतेश कुचबंदिया पानी की टंकी के पास कचरापट्टी स्थिति एक निर्माणाधीन मकान में शराब रखे हुए है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस दल मौके पर पहुँचा, जहाँ पुलिस की सूचना मिलते ही आरोपी भाग निकला । जांच के दौरान मौके से खाकी रंग के सीलबंद कार्टून में 05 पेटी देशी मदिरा प्लेन (कुल 45 लीटर, कीमत ?15,000) बरामद की गई। आरोपी नीतेश उर्फ रीतेश कुचबंदिया के विरुद्ध अपराध क्रमांक 848/25, धारा 34(1) आबकारी अधिनियम अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया ।

# त्यौहारों की भीड़ नियंत्रण हेतु रेलवे स्टेशन पर मॉक ड्रिल

नवभारत न्यूज

**इटारसी।** आगामी त्योहारों के मद्देनजर इटारसी रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की संभावित अत्यधिक भीड़ को नियंत्रित करने और बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज 14 अक्टूबर 2025 को एक समन्वय मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

यह मॉक ड्रिल वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त (रेसुब) भोपाल डॉ. अभिषेक के मार्गदर्शन में आयोजित की गई, जिसमें रेलवे के विभिन्न विभागों ने सक्रिय भागीदारी की। मॉक ड्रिल में वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त (रेसुब) भोपाल डॉ. अभिषेक, निरीक्षक रेसुब इटारसी मनीष पांडे मय स्टॉफ,, जीआरपी इटारसी प्रभारी संजय चौकसे मय स्टॉफ, एसीएम वासुदेव सरकार, मंडल वाणिज्य निरीक्षक इटारसी उत्कर्ष अग्रवाल, स्टेशन प्रबंधक शुभेंदु राय, मुख्य टिकट निरीक्षक इटारसी, एरिया मैनेजर इटारसी जगन्नाथ मीणा, मुख्य आरक्षण पर्यवेक्षक इटारसी मय स्टॉफ शामिल रहे।



इटारसी . ग्राम ओझापुरा में एक मकान में शार्ट सर्किट से आग लग गई . मकान पूरा जलकर खाक हो गया .

# अमरकंटक एक्सप्रेस से 97 किलो गांजा जब्त

नवभारत न्यूज

**पिपरिया, 14 अक्टूबर** रेलवे सुरक्षा बल पिपरिया और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो भोपाल की संयुक्त टीम ने पिपरिया रेलवे स्टेशन पर एक बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 97 किलोग्राम अवैध गांजा जब्त किया है।

पकड़े गए गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 48 लाख 45 हजार रुपये बताई जा रही है। संयुक्त कार्रवाई के दौरान, टीम ने पिपरिया रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर पहुंची अमरकंटक एक्सप्रेस से उतरी कुछ संदिग्ध महिलाओं को रोका। पूछताछ और तलाशी के लिए उन्हें आरपीएफ पोस्ट पिपरिया लाया गया। तलाशी लेने

> इस कार्रवाई में कुल सात महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें संध्या कुचबंदिया, सोनम आदिवासी, पूनम कुचबंदिया, कौशिक सोदा, सनो बाई, रानी कुचबंदिया और गायत्रीबाई हैं। इन सभी महिलाओं के पास से कुल 96.900 किलोग्राम गांजा जब्त किया।

पर, उनके पास अवैध मादक पदार्थ गांजा पाया गया। इस कार्रवाई में कुल सात महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें संध्या कुचबंदिया, सोनम आदिवासी, पूनम कुचबंदिया, कौशिक सोदा, सनो बाई, रानी कुचबंदिया और गायत्रीबाई हैं। इन सभी महिलाओं के पास से कुल 96.900 किलोग्राम गांजा जब्त किया। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला पंजीकृत कर लिया गया है, और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। इस पूरे मामले की जांच एनसीबी भोपाल द्वारा की जा रही है। सभी गिरफ्तार महिला आरोपियों को अग्रिम कार्यवाही के लिए नर्मदापुरम न्यायालय में पेश किया जाएगा।

कार्रवाई में आरपीएफ पिपरिया से प्रधान आरक्षक संजय समाधियां वृन्दावन यादव, आरक्षक श्यामलाल तथा एनसीबी भोपाल से विवेकानंद इंस्पेक्टर, कुलदीप एसआई, मुकेश मवाई, और संजना एनसीबी स्टाफ का योगदान रहा।

### जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक आज

**हरदा** जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक आज बुधवार को होगी। कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग सुश्री सोनम वाजपेई ने बताया कि यह बैठक बुधवार को दोपहर 12 बजे से कार्यालय कलेक्टर सभागृह, हरदा में आयोजित की गई है। बैठक में रबी सिंचाई वर्ष 2025 हेतु तवा बांयी तट मुख्य नहर में जल प्रवाह छोडे जाने की तिथि एवं पानी की मांग का निर्धारण, रबी सिंचाई हेतु कृषि विभाग द्वारा की जा रही तैयारियां जैसे खाद, बीज, कीटनाशक इत्यादि एवं फसल चक्र संबंधी सुझाव, रबी सिंचाई हेतु विद्युत आपुर्ति सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

# बाबीसा ब्राम्हण समाज द्वारा विशाल गरबा महोत्सव

नवभारत न्यूज

**सिराली, 14 अक्टूबर** बाबीसा ब्राह्मण समाज हरदा द्वारा सोमवार की शाम स्थानीय निजी होटल के गार्डन परिसर में विशाल गरबा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों, महिलाओं एवं युवाओं ने बड़ी उत्साहपूर्वक भागीदारी की। समाज के अध्यक्ष संदीप डाले एवं महामंत्री जितेन्द्र शुक्ला (बंटी शुक्ला) ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध भागवताचार्य संजय व्यास (लोलांगरा) थे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में गोविंद उपाध्याय (अध्यक्ष खिरकिया शाखा), रामशंकर जोशी (सिराली शाखा) एवं महिला कार्यकारिणी संरक्षक इंद्रा जोशी (हरदा) उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं माता रानी की पूजा-अर्चना से हुई। तत्पश्चात हरदा कार्यकारिणी द्वारा सभी अतिथियों का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया गया। संबोधन के दौरान अतिथियों ने समाज की एकजुटता और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण की सराहना की तथा ऐसे आयोजनों को समाजिक समरसता और एकता का प्रतीक बताया। महोत्सव में समाज की महिलाओं एवं बालिकाओं ने गरबा गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। गरबा का प्रशिक्षण नेहा डाले द्वारा दिया गया था। इसी दौरान हाल ही में संपन्न जिला अधिवक्ता संघ चुनाव में सचिव पद पर विजयी हुए अधिवक्ता शैलेन्द्र जोशी का समाज द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष संदीप डाले एवं नेहा डाले ने संयुक्त रूप से किया, वहीं महिला अध्यक्ष मेघा गोरखे ने आभार व्यक्त किया। आयोजन के अंत में प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया गया। इस अवसर पर समाज के सैकड़ों महिला-पुरुष बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.

### शासकीय कन्या महाविद्यालय में युवा उत्सव समापन

**सिवनी मालवा 14 अक्टूबर** सिवनी मालवा के शासकीय कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. उमेश कुमार धुर्वे ने की उपस्थिति में तीन दिवसीय युवा उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताये आयोजित की गई जिसमें छात्राओं ने नृत्य, संगीत, वाद-विवाद, रंगोली, पोस्टर निर्माण, कार्टूनिंग, कोलाज, एकल गायन आदि विविध प्रतियोगिताओं में भाग लिया। छात्राओं ने अपनी प्रतिभा से सभी को प्रभावित किया। तृतीय दिवस युवा उत्सव का भव्य समापन हुआ।

### उड़ती धूल बन रही बीमारी का घर

**खिरकिया** छिपावड़ नगर के नागरिकों एवं दुकानदारों ने नर्मदापुरम खंडवा स्टेट हाईवे (खिरकिया छिपावड़ मार्ग) की जर्जर स्थिति एवं उडती धूल, मिट्टी से हो रही गंभीर परेशानी को लेकर अनुविभागीय अधिकारी महोदय खिरकिया के नाम तहसीलदार महोदय खिरकिया को एक ज्ञापन के माध्यम से बताया कि खिरकिया छिपावड़ मार्ग लंबे समय से बदहाल है, सडक पर जगह - जगह गड्ढे बन चुके हैं, जिससे राहगीरों, दुकानदारों और स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। डामरीकरण न होने से उडती धूल, मिट्टी के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ रहा है

# कल करेंगे स्वास्थ्य मंत्री का पुतला दहन

नवभारत न्यूज

**सिवनी मालवा 14 अक्टूबर** सिवनी मालवा में दवा दुकानों एवं निजी अस्पतालों की जांच की मांग को लेकर कांग्रेस पदाधिकारियों ने कांग्रेस नगर अध्यक्ष स्वदेश शर्मा के नेतृत्व में तहसील कार्यालय में कलेक्टर के नाम ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा और 16 अक्टूबर गुरुवार को मध्य प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन करने का ऐलान किया।

ज्ञापन में बताया की छिंदवाड़ा जिले में जहरीले कफ सिरप के सेवन से मासूम बच्चों की मौत ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। इस दर्दनाक घटना के बाद प्रदेशभर में दवा दुकानों एवं निजी अस्पतालों की जांच की अपेक्षा थी, ताकि भविष्य में ऐसे हादसे अन्य जिलों में न हों। लेकिन सिवनी मालवा तहसील क्षेत्र में अब तक किसी भी प्रकार की जांच कार्यवाही नहीं की गई है, जिससे स्थानीय नागरिकों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में आक्रोश है।

नगर कांग्रेस अध्यक्ष स्वदेश शर्मा ने प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि यह लापरवाही जनता के स्वास्थ्य के साथ सीधा खिलवाड़ है। विगत दिवस कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपकर तहसील क्षेत्र के सभी अस्पतालों, मेडिकल स्टोर्स और दवा वितरकों की जांच की मांग की थी, लेकिन अब तक शासन-प्रशासन ने इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया है। इसी मुद्दे को लेकर नगर कांग्रेस सिवनी मालवा ने आगामी 16 अक्टूबर गुरुवार को मध्य प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। कांग्रेस ने चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि शीघ्र ही जांच दल गठित कर क्षेत्र के मेडिकल स्टोर्स एवं निजी चिकित्सालयों की जांच नहीं की गई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। नगर कांग्रेस ने प्रशासन से मांग की है कि सिवनी मालवा क्षेत्र में तत्काल औषधि निरीक्षण दल गठित किया जाए,

# पटाखा मार्केट से नप को मिला 5 लाख तैंतीस हजार का राजस्व

नवभारत न्यूज

**खिरकिया, 14 अक्टूबर** नगर परिषद अध्यक्ष इन्द्रजीत महेन्द्र सिंह खनूजा के कार्यकाल को लगभग 3 वर्ष पूर्ण हो चुके है। ज्ञात हो की दिपावाली के अवसर पर नगर में लगने वाले पटाखा बाजार में लगभग 40 से 45 दुकाने संचालित होती है। जिसकी निलामी नगर परिषद द्वाराआक्शन लगवाकर की जाती है। सोमबार को नगर में लगने वाले पटाखा बाजार की निलामी नगर परिषद द्वारा सपन्न की गई। जिसमें क़रीब 42 दुकानो की निलामी से पांच लाख तेतीस हजार रूपये का राजस्व नगर परिषद खिरकिया को प्राप्त हुआ । नगर परिषद अध्यक्ष इंद्रजीत महेंद्र सिह खनूजा के तीन



साल के कार्यकाल में पटाखा मार्के में लगातार वृध्दि हो रही है। वर्ष 2023 में क़रीब दो लाख पचास हज़ार रुपये तो पिछले वर्ष सन् 2024 में लगभग तीन लाख चालीस हजार रूपये और इस वर्ष 2025 में पांच लाख तेतीस हजार रूपये की नगर परिषद को फटका बाजार नीलामी से राजस्व प्राप्त हुआ है जो कि विगत दोनों वर्षो से भी अधिक है। इस वर्ष क़रीब दो लाख रुपये का राजस्व नगर परिषद को अधिक प्राप्त हुआ । नीलामी के दोरान नप अध्यक्ष इंद्रजीत कौर खनूजा, मुख्य नगर परिषद अधिकारी महेंद्र शर्मा , उपयंत्री सिद्धार्थ सोनी, नगर परिषद के कर्मचारी नरेश बाओनिया, रवि ओंनकर, गणेश मीणा ,श्री किशन गुजर, सुरेश सोलंकी, गोरीशंकर मालाकार ,जयनारायण मीणा, सुनील राजपूत सहित अन्य कर्मचारी उपस्तिथ रहे । इस दोरान नीलामी के बाद फटाका बाजार में दुकानें lgaane vaale व्यापारियों को चुनें के निशान डाल दुकानें अलाट कर दी गई साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए बाजार में रखे जाने वाली सावधानियों अवगत करा सभी व्यापारियों को दुकान में रेत और अग्निशामक यंत्र अनिवार्य रूप से रखने की बात ममुख्य नगर पालिका अधिकारी शर्मा द्वारा कही गई ।नगर परिषद अध्यक्ष इन्द्रजीत खनूजा ने समस्त नगर वासियो को दीपावली शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए बताया की शीघ्र ही 10 नये रोड़ो का काम नगर में शुरू होने वाला हे ।सीमित संसाधनों में भी बेहतर कार्य नगर में करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी ।


